दीन दयाल उपाध्याय कौशल केन्द्र,

सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

बी. वोक. कार्यक्रम

शिक्षण-सत्र 2022-23

॥ प्रवेश सम्बन्धी सूचना ॥

''ज्योतिष एवं कर्मकाण्ड'' तथा ''वास्तुशास्त्र एवं आन्तरिक सज्जा'' कार्यक्रम हेतु,

सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग नई दिल्ली द्वारा बी. वोक. कार्यक्रम के अन्तर्गत ''ज्योतिष एवं कर्मकाण्ड''तथा''वास्तुशास्त्र एवं आन्तरिक सज्जा'' के दो व्यावसायिक कोर्स संचालित करने हेतु अनुमति प्राप्त है। इन दोनों कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए कोई आयु सीमा निर्धारित नहीं है। इनमें संस्कृत से इतर छात्र भी प्रवेश ले सकते हैं। बी. वोक. कार्यक्रम तीन वर्ष तथा छः सेमेस्टर का है। इन उपाधियों को राष्ट्रिय स्तर पर स्नातक की विधिवत् मान्यता प्राप्त है।

इन कार्यक्रमों की प्रमुख विशेषताएँ ये हैं —

छात्र अपनी सुविधानुसार कार्यक्रम में प्रवेश ले सकते हैं और छोड़ भी सकते हैं तथा पुनः प्रवेश ले सकते है। बी. वोक. डिग्री कार्यक्रम के मध्य में पढ़ाई छोड़ देने पर भी विश्वविद्यालय उसे निम्नवत् उपाधि प्रदान करेगा-

1. प्रथम सेमेस्टर की उत्तीर्णता पर - सर्टिफिकेट
2. द्वितीय सेमेस्टर की उत्तीर्णता पर - डिप्लोमा
3. चतुर्थ सेमेस्टर की उत्तीर्णता पर - एडवान्स डिप्लोमा
4. षष्ठ सेमेस्टर की उत्तीर्णता पर - बी. वोक. की उपाधि

इस प्रकार से छात्रों को परीक्षा में सफल होने पर उपाधि दी जाएगी।

बी. वोक. कार्यक्रमों के शिक्षण-सत्र 2022-23 के प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु आवेदन पत्रों का वितरण दिनांक 01.07.2022 से प्रातः 11:00 बजे से मध्याह्न 02:00 बजे तक कौशल केन्द्र के कार्यालय से किया जा रहा है। विशेष जानकारी प्राप्त करने के लिए कौशल केन्द्र में उपस्थित होकर सम्पर्क किया जा सकता है।

विधु द्विवेदी

(प्रो० विधु द्विवेदी)
निदेशक
दीन दयाल उपाध्याय कौशल केन्द्र
सं.सं.वि.वि.,वाराणसी

- प्रवेश प्रारम्भ - 01.07.2022
- प्रवेश आवेदन शुल्क रु. 500/- प्रति सेमेस्टर
- शिक्षण शुल्क रु. 3000/- प्रति सेमेस्टर
- परीक्षा शुल्क रु. 1000/- प्रति सेमेस्टर

***